कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. E.S.I.C.

मुख्यालय
Headquarters'
पंचदीप भवन सी॰आई॰जी रोड , नई दिल्ली-110002
PANCHDEEP BHAWAN, C.I.G. MARG, NEW DELHI-110 002
Phone: 011-23604700 Email : dir-gen@esic.nic.in
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

फ़ाइल संख्या आई-13012/1/2024-आईसीटी (ई 604646) दिनांक: 30.05.2025

परिपत्र

विषय: क.रा.बी.निगम अनुप्रयोगों (एप्लीकेशन) के इष्टतम निष्पादन के लिए न्यूनतम आई.टी. हार्डवेयर विशिष्टि।

विभिन्न क्षेत्र इकाइयों से सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग (एप्लीकेशन) के धीमे निष्पादन के संबंध में अक्सर शिकायतें प्राप्त होती हैं। जांच करने पर, अक्सर पाया जाता है कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के आई.टी. अनुप्रयोग (एप्लीकेशन) तक पहुंच के लिए उपयोग की जाने वाली कंप्यूटर प्रणाली में आवश्यक हार्डवेयर कॉन्फ़िगरेशन, अपडेटेड ऑपरेटिंग सिस्टम और/या पर्याप्त नेटवर्क कनेक्टिविटी का अभाव होता है। ये कारक एप्लीकेशन के निष्पादन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं और उपयोगकर्ताओं द्वारा अनुभव की जाने वाली धीमी गति के प्राथमिक कारण हैं।

2. इन समस्याओं को दूर करने और कर्मचारी राज्य बीमा निगम एप्लीकेशन के कुशल कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए, ऑल-इन-वन (एआईओ) डेस्कटॉप के लिए निम्नलिखित न्यूनतम हार्डवेयर और नेटवर्क विशिष्टियां निर्धारित की गई हैं :

क्र.सं.	मापदंड	न्यूनतम विशिष्टि
1.	प्रोसेसर	इंटेल i7 या उच्चतर/एएमडी आर7 या उच्चतर (नवीनतम पीढ़ी)
2.	मदरबोर्ड	ओईएम मदरबोर्ड
3.	रैम	न्यूनतम 16 जीबी डीडीआर-4 3200 मेगाहर्ट्ज
4.	स्टोरेज	न्यूनतम 1 टीबी एचडीडी + 256 जीबी एसएसडी
5.	ईथरनेट	100/1000 एमबीपीएस ऑन-बोर्ड एकीकृत पोर्ट
6.	वायरलेस	802.11 ac/b/g/n या उच्चतर
7.	ऑपरेटिंग सिस्टम	प्रीलोडेड ओईएम लाइसेंस प्राप्त विंडोज 11 प्रोफेशनल (x64) या उच्चतर

3. उपर्युक्त विशिष्टियों के अतिरिक्त, निम्नलिखित परिचालन उपायों को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए:

i. कर्मचारी राज्य बीमा निगम एप्लीकेशन के सुचारू परिचालन के लिए आवश्यक इंटरनेट बैंडविड्थ का प्रावधान इस कार्यालय के परिपत्र आई-16/13/03/2019-आईसीटी दिनांक 04.08.2021 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा सकता है।

ii. प्रणाली (सिस्टम) की स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम को नियमित रूप से नवीनतम संस्करण और ओईएम द्वारा जारी पैच में अपडेट किया जाना चाहिए।

iii. प्रत्येक प्रणाली पर एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर/समाधान का नवीनतम संस्करण संस्थापित होना चाहिए और नवीनतम मालवेयर और साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए समय-समय पर अपडेट रखा जाना चाहिए। अंतर्निहित माइक्रोसॉफ़्ट डिफेंडर (Microsoft Defender) के अलावा एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर सुरक्षा का एक अतिरिक्त स्तर जोड़ता है, डिवाइस की सुरक्षा को बढ़ाता है और इष्टतम निष्पादन सुनिश्चित करता है।

iv. इस कार्यालय द्वारा परिपत्र संख्या आई-11015/19/2021-आईसीटी-भाग(2) दिनांक 27.08.2024 के माध्यम से जारी साइबर सुरक्षा दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल का हर समय कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

भवदीय,

Digitally signed by
Mohit Kumar
Date: 30-05-2025
12:41:56

(मोहित कुमार)
उप निदेशक, आईसीटी

सेवा में,

1. सभी आंचलिक बीमा आयुक्त/आंचलिक चिकित्सा आयुक्त।
2. सभी क्षेत्रीय निदेशक/निदेशक(प्रभारी)/संयुक्त निदेशक(प्रभारी), क्षेत्रीय कार्यालय/उप क्षेत्रीय कार्यालय।
3. सभी चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम चिकित्सा अस्पताल।
4. निदेशक(चिकित्सा)दिल्ली/निदेशक(चिकित्सा)नोएडा/निदेशक, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी।
5. अधिष्ठाता, सभी क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल।
6. वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को इसे वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।